हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 7 अप्रैल, 2025

11 दादी सती के अतिरिक्त सात मंदिरों में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा



12 ड्रग्स के खिलाफ निकली साइक्लोथॉन को महज...



HURRY UP ! Limited Seats
NEET JEE NTSE
NDA MNS AIRFORCE
★Free Doubt Class ★AC Class Rooms
★Free Extra Class ★Join H.D. for Success
★No Tuition No Tension★ Direct Bus Service From Ch. Dadri
FREE DEMO Classes
Science (Medical, Non-Medical) Commerce, Arts
H.D. Public School Birohar
A Co-Education English Medium | C.B.S.E Affiliated Sr. Sec. School
Admission Open Nur. to 9th & 11th
For Session 2025-26
M. 8059923555, 8607128682

## खबर संक्षेप

### चोरी का बाइक बेचने जा रहे युवक को पकड़ा

**भिवानी।** सदर थाना पुलिस ने मुंढाल में एक युवक को चोरी के बाइक सहित पकड़ा। आरोपी चोरी के बाइक को कहीं पर बेचने जा रहे थे। पुलिस ने मुंढाल में सैयद गेट के नजदीक नाकाबंदी की हुई थी। इसी दौरान एक बाइक पर दो युवक आए। बाइक के आगे व पीछे कोई सी भी नम्बर प्लेट नहीं थी। जैसे ही उन्होंने रुकने का ईशारा किया तो उनमें से एक युवक उतर कर भाग गया। आरोपी ने बताया कि चार दिन पहले उसने तथा दूसरे युवक नजीर अहमद ने यह बाइक दिल्ली बाई पास रोहतक से चोरी की थी।

### संगठन की मजबूती के लिए लगाया घर पर झंडा

**बहल।** भाजपा के 46 वें स्थापना दिवस पर कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने अपने बूथ और अपने घरों पर भाजपा का झंडा लगाया और संगठन की मजबूती के लिए तन मन धन से सहयोग करने का संकल्प लिया।

### बालाजी मंदिर में नवरात्रि हवन का हुआ आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के श्री नारायण दत्त बालाजी मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया। दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर मां भवानी के चरणों में शीश नवाया। पुजारी राम लाल शास्त्री ने बताया कि पिछले 50 सालों से नवरात्रि की अष्टमी की रात में देश और प्रदेश की सुख शांति के लिए मंदिर में यज्ञ का आयोजन किया जाता है। जिसमें 151 प्रकार की सामग्री से आहुतियां दी जाती हैं।

### साइक्लोथॉन यात्रा में लोटा व नमक आकर्षण का केंद

**चरखी दादरी।** ड्रग्स फ्री हरियाणा का संदेश लेकर निकली साइक्लोथॉन यात्रा में शामिल लौटा और नमक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है। नशे के खिलाफ चलाए गए इस अभियान में जिला से विशेष कर युवाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। उल्लेखनीय है कि शनिवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ड्रग्स फ्री हरियाणा साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

### ट्रांसफार्मर के आसपास फसल की पहले करें कटाई

**भिवानी।** फसल कटाई का सीजन चल रहा है। ऐसे में बिजली विभाग ने आमजन को बिजली जनित हादसे से बचने के लिए गाईडलाईन जारी की है। इस बारे में खरककलां सब ऑफिस इंचार्ज नरेश कुमार ने कहा कि बिजली जनित हादसों से बचने के लिए खेतों में ट्रांसफार्मर के पास लगभग दस गुणा फीट तक सफाई व्यवस्था कर दें व साथ ही बिजली की तारों के नीचे से गेहूं की कटाई पहले कर दे जोत दे, ताकि फसल को नुकसान ना पहुंचे।

### पूर्व मंत्री अमर सिंह धानक जयंती पर कार्यक्रम आज

**बवानीखेड़ा।** बाबा कमाल धर्मशाला में चौधरी अमर सिंह धानक विचार मंच द्वारा पूर्व मंत्री स्व.चौधरी अमर सिंह धानक की जयंती सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि होंगे विशिष्ट अतिथि नगर पालिका के चेयरमैन सुंदर अत्री और अमर सिंह धानक के पौत्र नमन राजेंद्र धानक होंगे। यह जानकारी चौधरी अमर सिंह धानक विचार मंच के मुख्य संरक्षक सुनील सोलंकी ने दी।

## नगरपरिषद ने सीएससी सेंटर बनाने का कार्य किया शुरू

# झील किनारे बनेंगे सीएससी सेंटर एक छत के नीचे मिलेंगी सुविधाएं

### जल्द ही मिलेगी क्षेत्र के लोगों को सीएससी सेंटर की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

अब शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर। अब शहर के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी व फायदें के लिए जगह जगह धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। जल्द ही उनके क्षेत्र में सीएससी सेंटर खुलने की राहत भरी खबर मिलने वाली है। सरकार के निर्देशों के बावजूद अब नगरपरिषद में जितने भी जोहड़(झील)जिनको झील का रूप दिया जा रहा है। उन झीलों के किनारे सीएससी सेंटर खोलने जा रही है। शुरूआत में नप दो झीलों पर इन सेंटर के निर्माण कार्य को हरी झंडी दे चुकी है। इन दो जगहों पर कामयाबी मिलने के बाद शहर के अन्य झीलों पर भी इसी तरह के सीएससी सेंटर खोले जाएंगे। ताकि शहर के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी व फायदा पाने के लिए जगह जगह चक्कर न काटने पड़े। फिलहाल योजना के मुताबिक एक छत के नीचे ही सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने की योजना है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसी क्रम में सबसे पहले मूलचंद व ढोबी तालाब को झील के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन दोनों झीलों पर सीएससी सेंटर खोलने जाने की योजना है। सरकार की तरफ से हरी झंडी मिलने के बाद नगरपरिषद ने इन दोनों जगहों पर सीएससी सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि सरकार झीलों के किनारे सीएससी सेंटर स्थापित करके शहर के लोगों को एक ही जगह पर सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाना चाह रही है। इन सीएससी सेंटरों पर डोमिसाइल से लेकर बुढ़ापा पेंशन की फाइलों को तैयार किया जाएगा। ताकि लोगों को सचिवालय की तरफ न भागना पड़े।



**भिवानी।** मूलचंद जोहड़( झील) किनारे सीएससी सेंटर स्थापित करने के लिए तैयार किया गया लोहे का स्ट्रकचर।

#### कामयाब होने पर अन्य झीलों पर स्थापित होंगे

फिलहाल नगरपरिषद दो झीलों पर सीएससी सेंटर स्थापित करने जा रही है। इन जगहों पर सही ढंग से सीएससी सेंटर के चलने के बाद अन्य झीलों पर भी इसी तरह के सेंटर स्थापित करवाए जाएंगे। मसलन हनुमान एणी, नूनसर, बिछवाना जोहड़ व अन्य सार्वजनिक जगह शामिल है। बाकी बची झीलों पर भी इसी तरह के सेंटर स्थापित करने का खाका तैयार किया जा रहा है।

#### क्या कहते हैं चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप

नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि झीलों पर सीएससी सेंटर स्थापित करने की सरकार की योजना है। नगरपरिषद के माध्यम से स्थापित करवाई जाएंगी। फिलहाल दो झीलों पर सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकार की मंशा है कि सभी लोगों को एक छत के नीचे सरकारी योजनाओं का फायदा मिल सके।

#### लोगों को होगा अच्छा खासा फायदा

अगर झीलों पर सीएससी सेंटर स्थापित हो जाते है तो सुबह व शाम के वक्त घुमने के लिए आने वाले बुजुर्ग व नौजवान युवकों को अच्छा फायदा होगा। सुबह सवेरे सैर भी हो जाएगी और सीएससी सेंटर से निपटने वाले कार्य भी निपटाए जा सकेंगे। चूंकि इन झीलों पर आसपास इलाके के ही बुजुर्ग लोग घुमने के लिए आते है। क्षेत्र के बुजुर्ग लोग दूर दराज के क्षेत्रों में स्थित सीएससी सेंटर तक नहीं पहुंच सकते। जिस वजह से उनके अनेक कार्य अधर में रह जाते है,लेकिन वे अब सुबह के व्यक्त झीलों के किनारे स्थापित सीएससी सेंटरों में अपना कार्य करवा सकेंगे।

# देवसर धाम में लगा रक्तदान शिविर

- समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है समय-समय पर रक्तदान करना : सचिव प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

रामनवमी के अवसर पर रविवार को रैडक्रॉस इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टैक्नोलॉजी (आरआईसीटी) एवं नंद बाबा सेवा समिति द्वारा गांव देवसर में समाजसेवा की एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। इस दौरान आरआईसीटी एवं समिति द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य रक्त की कमी को दूर करना और युवाओं में सेवा भावना को प्रोत्साहित करना था। शिविर का शुभारंभ जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार एवं देवसर धाम ट्रस्ट के प्रधान राजबीर सिंह ने किया। जिन्हे अतिथि द्वारा बैज लगाकर, प्रमाण पत्र एवं माँ देवसर वाली का स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रैडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि रक्तदान ना केवल किसी की जान बचा सकता है, बल्कि यह समाज के प्रति हमारी जिम्मेवारी को भी दर्शाता है। रक्तदान जैसे शिविर युवाओं को समाजसेवा के भाव से जुडने के लिए प्रेरित करते है। सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि रक्तदान करने से ना केवल किसी की जिंदगी बचाने जैसी अनमोल खुशी मिलती है, अपितु हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है।



**भिवानी।** रक्तदाओं को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# गांवों में दी जा रही शहरों जैसी सुविधाएं

- केंद्र और प्रदेश में लगातार भाजपा की सरकार बना लोकप्रियता का प्रमाण : रणबीर सिंह गंगवा
- नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री के पदभार संभालने के अवसर पर आयोजित समारोह में पहुंचे प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार और लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

हरियाणा प्रदेश के विकास एवं पंचायत तथा भू विज्ञान एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा सरकार की लोकप्रियता का प्रमाण है कि हाल ही में संपन्न हुए नगर निगम और नगर पालिकाओं के चुनाव में 35 में से 34 सीट लोगों ने भाजपा की झोली में डाली हैं। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के लिए कल्याणकारी कार्य कर रही है। पंवार रविवार को बवानी खेड़ा में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री के कार्यभार ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 6225 गांव में से 1000 गांव में प्रथम चरण में ई लाइब्रेरी बनवाने का कार्य किया जाएगा ताकि गांव के युवा शहरों की तर्ज पर ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। इसी प्रकार से इन गांव में महिला चौपाल और सांस्कृतिक केंद्र बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 1000 गांव की फिरनी को पक्का करके वहां पर स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएंगी।

#### 2200 तालाबों का प्रथम चरण में सौंदर्यकरण होगा

पंचायत मंत्री ने कहा कि प्रदेश के 2200 तालाबों का प्रथम चरण में सौंदर्य करण किया जाएगा ताकि उनमें पानी सही ढंग से एकत्रित हो सके और गांव में जल भराव की समस्या ना हो। इसी प्रकार से पूरे प्रदेश में श्मशान घाटों की चारदीवारी बनाने का कार्य किया जाएगा, उनका रास्ता पक्का किया जाएगा और उनमें शेड और पानी का प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की चुनी हुई सरकार जनता के हितों के लिए समर्पित है।

# विधायक को सौंपा मांगों का ज्ञापन

- मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण करीबन 50 घरों की आबादी है परेशान : रामअवतार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

गांव ढाणा लाडनपुर रोड पर स्थित सिद्धार्थ नगर में गहराई विभिन्न मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर रविवार को डा. भीमराव अंबेडकर जनकल्याण समिति की बैठक का आयोजन सिद्धार्थ नगर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता हवासिंह यादव ने की। बैठक के बाद समिति पदाधिकारियों ने विधायक घनश्याम सर्राफ को मांगपत्र सौंपकर स्वच्छ पेयजल, सीवरेज, अप्रूवल सहित अन्य मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मुख्य शिक्षक रामअवतार सिंह व श्रीभगवान सोनी ने कहा कि सिद्धार्थ नगर को बसे 16 वर्ष से भी अधिक का समय हो गया। यहां पर करीबन 50 घरों की आबादी है, लेकिन अभी तक इसे अप्रूवल कॉलोनियों में शामिल नहीं किया गया, जिसके चलते यहां पर मूलभूत सुविधाओं का आभाव बना हुआ है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त समस्या के समाधान की गुहार कई बार क्षेत्रवासियों द्वारा लगाई जा चुकी है, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष महाबीर सिंह बराड़, धर्मवीर सिंह सचिव, सुखपाल यादव, राजेश कुमार, कमल किशोर, मुकेश कुमार, धनपत, संदीप प्रजापत, मनीराम प्रजापत, कैलाश कुमार दिसोदिया, आकाश व अन्य मौजूद रहे।



**भिवानी।** मांगों को लेकर विधायक घनश्याम सर्राफ को मांगपत्र सौंपते हुए।

# सुंदर ने संभाला नपा चेयरमैन का कार्यभार

- प्रदेश के दो-दो मंत्रियों सहित विधायक ने पहुंच कुर्सी पर बैठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री ने रविवार को अपना पदभार संभाल लिया। उससे पहले हवन यज्ञ का आयोजन किया गया और हवन यज्ञ की लपटें खुले आसमान को छूकर पर्यावरण को शुद्ध करने का कार्य कर रही थी। पदभार संभलवाने के लिए प्रदेश के दो मंत्रियों में रणबीर गंगवा, कृष्ण लाल पंवार पहुंचे और विधायक कपूर वाल्मीकि, जिलाध्यक्ष विरेन्द्र कौशिक ने भी पहुंचकर सुंदर अत्री के कार्यक्रमको चार चांद लगा दिए। मंत्री रणबीर गंगवा से चौ. बिरेन्द्र सिंह के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुडडा कांग्रेस का एकमात्र चेहरा है के सवाल पर इसके बारे में रणबीर गंगवा ने पलटवार करते हुए बताया कि कांग्रेस कोई पार्टी नहीं है केवल गुटों की पार्टी है। उन्होंने बताया कि बवानी खेड़ा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे जो विधायक कपूर वाल्मीकि व चेयरमैन सुंदर अत्री विकास की मांग रखेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जोहड़ों, सड़कों, नालियों का नवीनीकरण किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि भाजपा का स्थापना दिवस है और भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।



**बवानीखेडा।** नगर पालिका बवानी खेड़ा में सुंदर अत्री को चेयरमैन का पदभार संभलवाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### *जनता का धन्यवाद*

*वहीं मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि उन्हें केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल का फोन आया कि बवानी खेड़ा चेयरमैन चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के बारे में बताया कि गां गार मैं धस री सै और म्हारी दोनां की जोडी ने आकर गां गार मैं तै काढ़ दी। उन्होंने बवानी खेड़ा की जनता का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि पंचायती भूमि पर 20 वर्ष से अधिक समय से मकान का निर्माण किया है उनका सरकारी रेट की फीस जमा करवाकर उन्हें मालिकाना हक दिया जाएगा।*

# भाजयुमो के पूर्व प्रदेश प्रभारी वरुण को पितृशोक

- पूर्व मंत्री और एचपीएससी के सदस्य सहित कईयों ने जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू

बीते दिवस गागड़वास निवासी भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी वरुण श्योराण और एचपीएससी की सदस्य ज्योति बैंदा के पिता चौ. जयपाल सिंह का गत दिवस हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे लगभग 76 वर्ष के थे तथा उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव गागड़वास में किया गया। बता दें के चौ जयपाल सिंह भी पूर्व में कॉ-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन रहे थे। उनके निधन की सूचना के बाद गागड़वास में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल, एचपीएससी सदस्य राजेंद्र धीमान, पूर्व विधायक सुखविंदर मांढी, पूर्व ओएसडी जवाहर यादव, फैमिली आईडी स्टेट चेयरमैन सतीश खोला, विकास गिरी महाराज, किरण कलकल, रेवाड़ी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम चौहान सहित अनेक लोगों गागड़वास पहुंचकर वरुण श्योराण को ढांढस बंधाया और कहा कि चौ जयपाल सिंह संघर्ष और सादगी के प्रतिमूर्ति थे। उनके आदर्श हमेशा परिवार और उनके सहयोगियों को प्रेरणा देते रहेंगे। लोगों ने भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और कहा कि ऐसे व्यक्ति आदर्शों के रूप में हमेशा जिंदा रहते हैं।

## सभी कार्य एक माह में शुरू किए जाने का विधायक ने किया वादा

# विधायक ने नांगल के सैनिकों को किया सम्मानित

- विधायक सर्राफ ने 40 फुट ऊंचे तिरंगे का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

विधायक घनश्याम सर्राफ ने गांव की तीन विभिन्न वर्गो की धर्मशालाओं के लिए 15 लाख रूपये की की घोषणा, नहर से गांव के जोहड़ तक डेढ़ किलोमीटर तक नाले के निर्माण सहित गांव की फिरनी व गांव के बाहरी क्षेत्र में पडऩे वाले बिजली के खंभों की व्यवस्था की की घोषणा भिवानी से भाजपा विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि भिवानी हल्के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। राज्य सरकार ग्रामीण विकास को लेकर पूर्णतया गंभीर है। यह बात उन्होंने भिवानी हल्के के गांव नांगल में सैनिक सम्मान समारोह के दौरान ग्रामीणों की विभिन्न मांगों को पूर्ण करने के बाद अपने संबोधन में कही। विधायक घनश्याम सर्राफ ने गांव नांगल के धर्मशालाओं के निर्माण कार्य को पूरा करवाने के लिए 15 लाख रूपये की घोषणा की। गांव के जोहड़ी से नहर तक करीबन डेढ़ किलोमीटर का पक्का नाला बनवाए जाने की घोषणा भी की।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते हुए।

#### अधूरी पड़ी फिरनी को पक्का करवाए जाने की घोषणा

विधायक घनश्याम सर्राफ ने गांव नांगल में पहुंचने पर ग्राम पंचायत नांगल व श्री श्याम दीवाना मंडल द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। जिसके बाद विधायक ने मुख्य बस स्टैंड पर 40 फुट ऊंचे तिरंगे का लोकार्पण किया। जिसके बाद मोटरसाईकिल काफिले के साथ विधायक गांव के कम्यूनिटी हॉल में पहुंचे, जहां गांव के बुजुर्गो ने उन्हे पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर मंच का संचालन कामरेड फूल सिंह इंदौरा व जगदीश साहब ने किया तथा उन्होंने सरपंच कुलदीप के माध्यम से विधायक को गांव का मांगपत्र सौंपा। इस मौके पर विधायक ने गांव के पूर्व सैनिकों को स्मृति चिह्न भेंट कर उन्हे सम्मानित किया। इसके साथ ही गांव के 7 पूर्व सरपंच, 6 नंबरदार, बीडीसी सदस्य अरूण कुमार व जिला पार्षद प्रीति को भी सम्मानित किया। विधायक ने गांव के मुख्य मांगों के अलावा गांव की अधूरी पड़ी फिरनी को पक्का करवाए जाने, की बात कही। इस दौरान विधायक ने कहा कि उपरोक्त मांगों पर एक माह में काम शुरू कर दिया जाएगा। इस मौके पर ग्रामीणों व श्री श्याम दीवाना मंडल ने विधायक का धन्यवाद किया। इस मौके पर श्री श्याम दीवाना मंडल के सदस्यों के अलावा प्रवीण, सरपंच कुलदीप, धर्म सिंह फौजी, गौरा सिंह, सोनू, जयबीर फौजी, सतबीर नंबरदार, रमेश नंबरदार, बगड़ावत सिंह, फूल पति, सुशीला देवी, पूर्व सरपंच सूबे सिंह, पूर्व सरपंच रामकुमार व राजू सरपंच, वजीर सिंह, रमेश फौजी, सुखबीर फौजी, सुरेश, दलबीर, महेंद्र फौजी, दीवाना सिंह सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## हांसी की स्थापना

हांसी, हरियाणा राज्य का एक प्राचीन और ऐतिहासिक शहर है। ऐसा माना जाता है कि हांसी की स्थापना राजा अनंगपाल विहंगपाल तोमर ने अपने गुरु 'हंसकर' (957 ई.) के लिए की थी। बाद में, राजा अनंगपाल तोमर के पुत्र द्रुपद ने इस किले में तलवार बनाने का कारखाना स्थापित किया, इसलिए इसे 'असीगढ़' भी कहा जाता है। इस किले से तलवारें अरब देशों तक निर्यात की जाती थीं। हांसी में स्थित असीगढ़ का किला पृथ्वीराज चौहान ने 12वीं सदी में बनवाया था।

# सभ्य समाज के लिए आवश्यक हैं मर्यादाएं

संस्कार

दिनेश शर्मा 'दिनेश'



किसी भी देश अथवा प्रदेश की बात हो पर जहां समाज और सामाजिकता की बात आती है वहां मर्यादाएं स्वतः स्थापित हो जाती हैं। समाज के कर्णधारों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाता है कि उक्त समाज किन-किन नियमों का अनुकरण करते हुए आगे बढ़ेगा। यह नियम अथवा मर्यादाएं ज्यादातर आचरण, वेशभूषा या भाषा जैसे सन्दर्भों को लेकर होती हैं।

जब मर्यादाएं टूटती हैं या फिर तोड़े जाने की कोशिश होती है तो उसके विपरीत स्वर उठते हैं। किन्तु कई बार हम कुछ बातों को लेकर अधिक उदार हो जाते हैं तथा इन्हें बदलते समय की आवश्यता मान कर चुप्पी साध लेते हैं, जिसका परिणाम भयंकर होता है। तब स्थितियां इतनी विस्फोटक हो जाती हैं कि हम चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते। विगत कुछ दशकों में सम्पूर्ण भारत में आचरण और भाषा को लेकर जो सामाजिक पतन हुआ है, उससे हम सभी परिचित हैं। ऐसे में हरियाणा का इससे अछूता रह पाना असंभव था। जिस समाज में गाँव की बेटी पूरे गाँव की इज्जत मानी जाती थी और सारे गाँववासी उसे अपनी बहन या बेटी मानते थे, उसी समाज में आज गाँव की तो छोड़िए समान जाति और गोत्र में युवा विवाह कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत गीता की वर्ण-शंकर की अवधारणा तो सच हो ही रही है अपितु इस विषय में आधुनिक काल के वैज्ञानिकों के द्वारा स्थापित तर्क भी गौण होकर रह गये हैं। इस समस्या का हल हम खोज भी नहीं सके कि एक दूसरी भयानक समस्या हमारे समाज के सामने मुंह उठाए खड़ी है और हम सब अपने-अपने आनंद में डूबे हैं। इस अघोषित प्रलय जिसके सम्बन्ध में हम सभी बेखबर न होकर भी आँखें बंद किये हैं। आप विश्वास कीजिए हमारी लापरवाही समाज में भाषा के सौन्दर्य के साथ-साथ



संस्कारों को भी बहा ले जाएगी। मीडिया के विभिन्न माध्यमों से आम बोल-चाल में शामिल हो गए उपलब्ध सामग्री से संवाद अब सामान्य बातचीत के दौरान हो रही गाली-गलौच और मार-पीट का हिस्सा हो गये हैं तो वहीं आजकल प्रचलित गीत ऐसी स्थिति में पार्श्व संगीत का कार्य करते हैं। तभी वर्ष 2015 में शादियों में बढ़ती हर्ष फायरिंग के बाद से डीजे के गानों को लेकर सर्व खाप पंचायत रोहतक, झज्जर और सोनीपत ने इस पर आपत्ति उठाई थी। हमारा भारतीय समाज श्रेष्ठ साहित्य और संदेशों से बहुत दूर हो गया है।

हम भूल गए हैं कि शब्दों का अपना प्रभाव होता है। शब्द 'ब्रह्म' की मान्यता दुनिया के सम्मुख स्थापित करने वाले देश के लोग ही शब्द की मर्यादा भूल गए हैं। हमारे समाज का कोई भी अंग शब्दों के प्रति संवेदनशील नहीं है। इस विषय पर आप गंभीरता से नहीं अपितु सामान्य रूप से भी विचार करेंगे तो स्थितियां भयावह प्रतीत होंगी। राजनीतिक, साहित्यिक, कला आदि हर क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों द्वारा प्रयोग किये जा रहे शब्द किसी भी सहृदय व्यक्ति के हृदय को लहूलुहान करने का सामर्थ्य रखते हैं। देश की दिशा तय करने का दंभ भरने वाले राजनेताओं द्वारा समूचे राष्ट्र के विभिन्न सदनों में प्रयोग होने वाली भाषा के स्तर से देश का हर नागरिक परिचित है। यही लोग जब मीडिया के माध्यम से जन सामान्य से रूबरू होते हैं तो फिर सोने पर सुहागा जैसी स्थितियां हो जाती हैं। इसके ऊपर किसी भी प्रकार की अतिरिक्त टिप्पणी की आवश्यता यहां दिखाई नहीं देती। इसी प्रकार संचार क्रांति के चलते लगभग पूरे देश में देखे जा रहे सभी ओटीटी प्लेटफार्म्स ने इसी प्रदूषित नदी के प्रवाह को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

ओटीटी, ऐसे प्लेटफॉर्म हैं, जहां सिनेमा का एक अलग लेवल देखने को मिलता है। जहां सिनेमाघरों में मूवी को सेंसर बोर्ड पास कर अश्लील दृश्यों पर कैंची चलाता है, वहीं ओटीटी पर प्रस्तुत की जाने वाली वेबसीरीज में गाली-गलौच, द्विअर्थी संवाद और नग्नता ही इनकी खूबसूरती मानी जाती है। अधिकतर वेबसीरीज में भाषा की सभी मर्यादाओं के उल्लंघन के साथ-साथ बॉलीवुड की फिल्मों द्वारा स्थापित किए गए

**अधिकतर वेबसीरीज में भाषा की सभी मर्यादाओं के उल्लंघन के साथ-साथ बॉलीवुड की फिल्मों द्वारा स्थापित किए गए नग्नता के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त करने का शर्मनाक कार्य भी किया है। इस सन्दर्भ को जब आगे बढ़ाते हैं तो सोशल मीडिया पर दृष्टिपात करना आवश्यक जान पड़ता है। दरअसल, वह सोशल मीडिया ही है जो आज भाषा की मर्यादा का चीरहरण करने में सबसे आगे है।**

नग्नता के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त करने का शर्मनाक कार्य भी किया है। इस सन्दर्भ को जब आगे बढ़ाते हैं तो सोशल मीडिया पर दृष्टिपात करना आवश्यक जान पड़ता है। दरअसल वह सोशल मीडिया ही है जो आज भाषा की मर्यादा का चीरहरण करने में सबसे आगे है। सोशल मीडिया में चाहे यूट्यूब हो, फेसबुक हो, इंस्टाग्राम हो या इसी श्रेणी का कोई अन्य प्लेटफार्म हो; सभी की स्थिति एक जैसी है। कुछ समय पहले यह कहने वाले लोग कि फिल्मी कलाकार अथवा छोटे परदे के कलाकार इस प्रकार की द्विअर्थी शब्दावली का प्रयोग करते हैं कि आप परिवार के साथ बैठकर उनके कार्यक्रम नहीं देख सकते, आज स्वयं वैसा ही कंटेंट तैयार करते हैं। अंतर केवल इतना ही है कि टीवी चैनलों के लोग टीआरपी के लिए वैसा करते रहे हैं और ये लोग वायरल होने के लिए। आप ही बताइए क्या सोशल मीडिया के माध्यमों द्वारा तथाकथित कलाकारों यानि कंटेंट क्रिएटर द्वारा परोसी जा रही सामग्री बच्चों के साथ बैठकर देखने लायक है? हाँ, ये लोग जो खुद को सामाजिक जिम्मेदार बताते हैं, ऐसा दिखाने के लिए 'यूज इयर फोन...' लिखना नहीं भूलते। कल तक समाज की ठेकेदारी का जिम्मा लेने वाले अधेड़ उम्र के अनेक लोग यहाँ अपने बेटे, बेटी और बहुओं के साथ पूरी तन्मयता से इस प्रकार की सामग्री तैयार करने में संलग्न नज़र आते हैं। आखिर ऐसा करने से माता लक्ष्मी की कृपा जो होती है। ऐसे लोग ढूँढने के लिए आपको भारत घूमने की आवश्यता नहीं है बल्कि यह हरियाणा में भी आपके आसपास ही सरलता से प्राप्य हैं। पिछले दिनों पूरे देश में चर्चा का विषय बने उस यूट्यूब कार्यक्रम और उसके कलाकारों के नाम भी आप भूले नहीं होंगे जिसमें माता-पिता के संबंधों पर बच्चों से प्रश्न किए जा रहे थे। इन्हीं सब प्लेटफार्म्स पर युवाओं को गुमराह करने वाले द्विअर्थी शब्दों, गाली-गलौच, मार-धाड़ (गन कल्चर), शराब को



लाभप्रद और उत्साहवर्धक पेय दर्शाने वाले गीत, फिल्म और रील आदि की भरमार है। इन सभी प्लेटफार्म्स पर उपलब्ध कंटेंट ने जहां भाषा की मर्यादा को समाप्त किया है वहीं ओटीटी प्लेटफार्म्स की अश्लील सामग्री परोसने की आदत का सहयोग भी किया है। शब्दों के अमर्यादित प्रयोग की यह कहानी यहीं समाप्त नहीं होती। कुछ और तत्त्व भी इस आग में घी डालने का कार्य करते हैं, जिनमें प्रमुख हैं कवि सम्मलेन और कॉमेडी शो जैसे आयोजन। कुछ समय पहले एक विश्वश्विद्यालय के कुलपति ने कवि सम्मलेन कराने से स्पष्ट मना कर दिया। उन्होंने बताया कि हमने कई वर्ष पहले ऐसा कार्यक्रम करवाया था। उसमें तीन-चार कवि-कवयित्रियों ने मंच से अपनी अभद्र भाषा और द्विअर्थी संवादों से जो गन्दगी फैलाई, उसके बाद हमने भविष्य में कवि सम्मलेन न कराने का निर्णय ले लिया।

इसी तरह का कार्य हास्य के नाम पर अनेक कार्यक्रमों में हास्य-कलाकारों द्वारा किया जाता है। ऐसी परिस्थितियों में जब कभी राजनीतिक लोग इस बारे में कुछ कदम उठाने का प्रयास करते हैं तो वहां भाई-भतीजावाद और जाति-सम्प्रदाय जैसी सामाजिक बीमारियाँ उठ खड़ी होती हैं। इसका ताजा उदाहरण फिर हरियाणा से हमारे बीच में आया है, जब सरकार इस प्रकार के कंटेंट को सोशल मीडिया से हटाना चाहती है। सरकार की तरफ से इस सम्बन्ध में कानून बनाने की बात भी कही जा रही है। लेकिन आवश्यकता है कि कार्य साफ नियति से पूरा किया जाए। इस समस्या के सन्दर्भ में अधिक विस्तार में जाने की अपेक्षा समाधान की दिशा में सकारात्मक चिंतन रखते हुए विचार करना अपेक्षित है। अनेक राजनेता, फिल्में, ओटीटी वेब सीरीज, सोशल मीडिया मंच अच्छा कार्य कर रहे हैं। कई नेता और साहित्यकार भी अपने मानक व्यवहार और भाषा के लिए स्मरण किए जाते हैं। इस संक्रमण से स्वयं और समाज को बचाने का प्रयास करना होगा, तभी इस समस्या का निराकरण संभव है; अन्यथा अभद्र भाषा, अश्लील चलचित्र, शराब और बन्दूक पर आधारित गीत सुनाकर अपने बच्चों से संस्कारी होने की अपेक्षा न रखने का अधिकार हम खो देंगे।

कविता

इन्द्र सिंह लाम्बा



## जगत में बड़ा बताया प्यार

हे जी, हे जी, जगत में बड़ा बताया प्यार।
प्यार बिना इस दुनिया के मा जीणा है बेकार।

श्री रामचंद्र और हनुमान में कितना गहरा प्यार था।
शक्ति बाण लगया लक्ष्मण क होया बड़ा लाचार था।
बूटी लाएं हनुमान जी करया बड़ा उपकार था।
कृष्ण और सुदामा जी की बचपन में हुई थी यारी।
कृष्ण तो महाराजा था सुदामा कै था टोटा भारी।
जब गया सुदामा कृष्ण धौरे दूर कर दी ब्याधा सारी।
उन दोनों के प्यार नैं आज जाणै सै संसार।

भामाशाह और महाराणा ने प्यार से करया था काम।
प्यार के कारण भामाशाह ने बहोत से दिए थे दाम।
इसी ही वजह से उनका दुनिया में होया स नाम।
नर से बाज पठान और अमर सिंह जो था राठौड़।
पठान पड़ा था घायल प्यास लागरी थी दम तोड़।
पाणी प्या दिया अमरसिंह नै प्यार बिना भला के थी लोड।
फेर पगड़ी बदले यार बणे करे पक्के कोल करार।

.प्यार बिना हो इसी जिंदगी जैसे सुर बिन होता गीत।
प्यार करो और प्यारा बोलो हो ज्यागी थारी जग में जीत।
प्यार से जीवन सफल बणै वेदों म बतलाइ रीत।
प्यार करो सच्चे दिल त आपस की फूट रह कोन्या
सत्यमेव जयते कती भी झूठ रह कोन्या।
ब्लैकमेल,बेईमानी,ठग्गी फेर या लूट रहै कोन्या।
सतगुरु की कृपा से करता इंदर सिंह प्रचार।

जगत में बड़ा बताया प्यार।
प्यार बिना इस दुनिया के मा जीणा है बेकार।

रागनी

भूपसिंह भारती



## एक रात सुपने म्ह

एक रात सुपने म्ह मेरै बाबा साहेब आये।
जीवन म्ह आग्गै बढ़णे के, रस्ते तीन बताये।। टेक।

सुपने के म्ह भीमराव नै, आकै बात बताई।
बेशक भूखे रह जाणा, पर छोड़ो नहीं पढ़ाई,
सुपने म्ह तै उठके भाई, मैं देखूं दाये बांये।1।

दूजा रस्ता भीमराव ने, एक्का का बतलाया,
घर की फूट बुरी हो सै, न्यू बहुजन को समझाया,
हक सारा म्हारा खाया, और जोर जुल्म भी ढाये।2।

सारे कट्ठे होकै भाई, अपणे हक नै पाओ,
लड़ो मरो संघर्ष करो, ना मन म्ह घबराओ,
खुद नै शेर बणाओ, बलि बकरे की दी जाये।3।

छोड़ो सभ पाखंड को, ये अपणी रीत नहीं,
चाल बुद्ध की राह बावळे, फेर हो जीत सही,
देख भारती बात यही, सुपने म्ह भीम समझाये।4।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

रोचक **अंग्रेजों ने भारत में नमक की तस्करी रोकने के लिए एक लंबी सीमा शुल्क बाधा बनाई थी, जिसे 'भारतीय ग्रेट हैज' के नाम से जाना गया**

# देश में सर्वाधिक लम्बाई की रही कंटीली बाड़




इतिहास

यशपाल गुलिया

आपने 'ग्रेट वाल ऑफ चाइना' के बारे मे तो सुना व पढ़ा होगा लेकिन 'भारतीय ग्रेट हैज' के बारे में शायद ही कभी सुना होगा। यह अंग्रेज प्रशासन द्वारा निर्मित ऐसा क्रियाकलाप था जो न केवल भारतीय प्रजा का शोषण करता था बल्कि प्रत्येक वस्तु पर कर लगाने का भी प्रमाण है।

वर्तमान काल में सबसे सस्ती जीन्स नमक को माना जाता है। अंग्रेजों ने नमक पर कर लगाने के भी ऐसे उपाय किए थे कि प्रजा पर अनावश्यक आर्थिक तानाशाही डाली हुई थी। नमक का मूल्य एवं कर इतना बढ़ा दिया था कि उस आवश्यक जीन्स के लिए लोगों को ब्लैक करना पड़ गया। खाद्यानों के ब्लैक को रोकने के लिए तथा प्रजा से क्रूरतापूर्वक टैक्स वसूली के लिए अंग्रेजों ने एक विशाल विभाग ही बना रखा था जिसको कस्टम विभाग कहा जाता था। इसको लेकर उन्होंने मुल्तान से तोरबेला, सतलुज क्षेत्र, फाजिल्का, हिसार, महम, कलानौर, बेरी, झज्जर बादली, हथीन, मथुरा, आगरा होते हुए एक मार्ग ही स्थापित कर दिया था। उसी मार्ग को कस्टम लाइन कहा जाता था ताकि लोग कोई भी कर योग्य जीन्स इधर-से-उधर न ले जा सके। क्योंकि भारी टैक्स से बचने के लिए लोग अपने सिर पर व पशुओं पर लाद कर ब्लैक भी करने लग गए थे। फिर अंग्रेजों ने क्रूरता का शिकंजा कसते हुए पैदल समान ले जाने वाले व्यक्तियों को भी बन्दी बनाना आरम्भ कर दिया। यही नहीं, कस्टम लाइन को मथुरा, आगरा से भी बढ़ाकर झांसी, सागर, खण्डवा




कस्टम मार्ग मुल्तान से बुरहान तक का चित्र, जिसके दोनों तरफ अंग्रेजों ने नागफन के पौधे रोप डाले थे।



अंग्रेजों द्वारा स्थापित कस्टम लाइन पर बनी चौकी के अवशेष।

तक पहुंचा दिया। ब्लैक पर नियन्त्रण के लिए प्रत्येक मील की दूरी पर चौकी निर्मित करके चौकीदार नियुक्त कर दिए। कुछ मील की दूरी पर बीट स्थापित कर दी गई। जैसे हरियाणा के क्षेत्र में हिसार के बाद महम, कलानौर, बेरी, बादली व चन्दू बीट आदि इस प्रकार के चार चैबन्द प्रबन्ध विभाग में तब वर्ष 1854 में 6600 व्यक्तियों का स्टाफ था।

अंग्रेजों का विशेष अंकुश नमक के ब्लैक पर रहता था। क्योंकि यहां सिलान, जहीदपुर, सुल्तानपुर, साढराणा व मेवात के सलम्भा आदि में नमक बनाया जाता था। इसके अतिरिक्त राजस्थान के जैपुर, जौधपुर व बिकानेर राज्यों के आंशिक क्षेत्रों में भी नमक निकाला जाता था। अंग्रेजों ने विशेषकर नमक के ब्लैक को रोकने के लिए बनाए गए कस्टम मार्ग के दोनों तरफ नागफन के पौधे रोप डाले थे। उस कांटेदार मार्ग एवं बाड़ को ही ग्रेट हैज ऑफ इंडिया कहा गया है जिसकी लम्बाई 2504 मील थी। वर्ष 1823 से विभिन्न कस्टम कमिश्न, जॉर्ज सान्डर्स, समिथ, बैटन, हाल्से व ए.वो. हयुम आदि को नियुक्त किया गया था। बता दें कि ए.वो. हयुम ने 1885 में भारतीय कांग्रेस पार्टी बनाई थी। वह कस्टम कमिश्नर वर्ष 1867 से 1870 तक रहे तथा उस अवधि में उन्होंने राजपुताना शासकों से नमक टैक्स बारे एक समझौता भी किया था। अन्ततः उस शोषणयुक्त मार्ग व कंटीली बाड़ तथा विभाग को वर्ष 1879 से अंग्रेजों ने स्वतः ही बन्द कर दिया।

उस ऐतिहासिक मार्ग पर अंग्रेजों ने बंगले भी बना डाले थे जिनके अवशेष महम, बेरी व बादली में देखे गए। इस प्रकार चीन की दीवार की तरह उस कांटेदार मार्ग की लम्बाई अद्वितिय होने के कारण एक अंग्रेज राय मोक्सहम ने इस बारे रोचक पुस्तक ही लिख डाली है, जिससे सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त होती है।

# सांस्कृतिक क्षेत्र में कला का अहम योगदान : चेतना सारसर

कलाकार

ओ.पी. पाल

हरियाणा की समृद्ध संस्कृति के संवर्धन के लिए समाज को सजग करने की दिशा में साहित्यकारों, लेखकों, लोक कलाकारों और गीतकारों जैसी शख्सियतों ने जिस रूप में अपना अहम योगदान दिया है, उससे हरियाणा की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी है। इसी कड़ी में ग्रामीण परिवेश से निकलकर फिल्म जगत में एक अभिनेत्री के रूप में पहचान बनाकर हरियाणा की बेटी चेतना सारसर अपनी अभिनय कला के जुनून को अंजाम दे रही है। वह केवल एक अभिनेत्री ही नहीं, बल्कि कविताएं और कहानियां तथा फिल्मों की पटकथा लिखकर समाज को सकारात्मक संदेश भी दे रही हैं। हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में प्रतिभाशाली अभिनेत्री चेतना सारसर ने कुछ ऐसे पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें कला का सकारात्मक पक्ष सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे सकता है और इसी सोच, लगन और मेहनत के बल पर हर इंसान के लिए अपने लक्ष्य को हासिल करना भी संभव है।

हरियाणा की प्रतिभाशाली अभिनेत्री चेतना सारसर का जन्म 25 अक्टूबर 1999 को झज्जर जिले के तलाव गांव में रोहतास और सुमन लता के घर में हुआ। ग्रामीण परिवेश में लड़कियों के लिए परिवारिक माहौल अलग ही होता है, इनके पिता दुकानदार हैं, जो सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। परिवार में आर्थिक तंगी के कारण चेतना के माता-पिता खुद ज्यादा





पढ़ाई नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने अपनी बेटी चेतना को पढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किया। चेतना की प्रारंभिक शिक्षा झज्जर के एक सरकारी स्कूल में हुई। उन्होंने छठी कक्षा से ही खेलों खासकर ताइक्वांडो में रुचि लेना शुरू किया और बाद में वह राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो खिलाड़ी बनकर उभरी। उस समय वह अपने करियर में पुलिस अधिकारी या कोच बनने का सपना देखती थी।

उन्होंने झज्जर के ही सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की। बकौल चेतना, सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों यानी अंधविश्वास व कुरीतियों के खिलाफ सामाजिक चेतना जगाने के लिए कुछ कलाकार गांव में आकर नुक्कड़ नाटक करते थे, तो उनकी एक्टिंग को देखकर उसने भी अभिनय के क्षेत्र में जाने का सपना संजोया। गांव में नाटक मंडलियों के कार्यक्रमों से उनकी अभिनय जैसी कला के प्रति अभिरुचि इतनी गहराती गई कि उसने एक अभिनेत्री बनने का लक्ष्य तय करके जो सपना देखा था, वह आज अभिभूत होता दिख रहा है और वह एक अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाती जा रही है।

हालांकि उनके परिवार या सगे संबंधियों में दूर तक भी कोई कला या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। चेतना ने स्नातक की शिक्षा के बाद जब एक्टिंग का कोर्स करने के लिए एक्टिंग इंस्टीट्यूट में दाखिला लेने की इच्छा जताई, तो उनके माता-पिता ने उसका हौसला बढ़ाया। परिवार से मिले प्रोत्साहन के बाद उसने साल 2017 में रोहतक स्थित पंडित लखमी चंद सुपवा में प्रवेश ले लिया। उसे स्कूली समय से ही टीवी सीरियल्स देखना बहुत पसंद रहा और जब भी वह कोई अच्छा सीन देखतीं, तो बाद में आईने के सामने खड़े होकर उसी किरदार निभाने की कोशिश करती रही।

सुपवा में उनके अभिनय करियर की शुरुआत हुई। हालांकि उनका कहना है कि उसने एक्टिंग कोर्स के लिए सुपवा में प्रवेश लिया था, लेकिन कुछ कारणों से उन्हें कोर्स बदलकर एडिटिंग में प्रवेश लेना पड़ा। लेकिन उन्होंने मन में ठान लिया था कि वह अभिनय की कला को कतई नहीं छोड़ेंगी। खास बात ये भी है कि चेतना स्टूडेंट प्रोजेक्ट्स में लगातार अभिनय करती रहीं, जिससे उन्हें इंडस्ट्री में बाहरी प्रोजेक्ट्स में भी काम करने के मौके मिलने लगे। चेतना का कहना है कि वह अब पूरी तरह अपने अभिनय करियर पर फोकस कर रही है

### यहां से मिली मंजिल

अभिनेत्री चेतना सारसर ने सुपवा में प्रवेश के दौरान ही फिल्म स्कूल के स्टूडेंट प्रोजेक्ट्स, शॉर्ट फिल्मों और गानों में काम करना शुरू कर दिया और धीरे-धीरे उसने अपने अभिनय कौशल को निखारा। उसे हरियाणा के चर्चित मिर्चपुर कांड पर आधारित राजेश अमरलाल बब्बर निर्देशित वेब सीरीज 'कांड 2010' में अभिनय करने का मौका मिला, जिसमें उसने दलित युवती रीता का किरदार निभाया। यहीं से चेतना को एक अभिनेत्री के रूप में ऐसी पहचान मिली कि पिछले दिनों मुंबई में आयोजित 5वें बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अभिनेता मनोज जोशी और सीमा पाहवा के हाथों बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। चेतना ने मेवात वेब सीरीज के कई एपिसोड में अभिनय करके अपनी कला का लोहा मनवाया है। उन्होंने वेबसीरीज अखाडा, क्राइम पेट्रोल में भी प्रमुख किरदार निभाया है।

## खबर संक्षेप

### मांगों को लेकर ह.प्रा.टी एसोसिएशन की बैठक

**भिवानी।** हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन हुडा पार्क में एसोसिएशन के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगबीर कासनिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला प्रधान राजेश कालुवास ने किया। उन्होंने शिक्षा विभाग से मांग करते हुए कहा कि जेबीटी अध्यापकों का स्थानांतरण तुरंत प्रभाव से किया जाए जोकि पिछले 9 वर्षों से नहीं हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने प्राथमिक स्तर पर एक कक्षा-एक अध्यापक की मांग की ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके। राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगबीर कासनिया ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वे सरकारी स्कूलों में दाखिला संख्या बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि आज अध्यापक वर्ग घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक कर रहा है जिस कारण से अभिभावकों का सरकारी स्कूलों के प्रति विश्वास बढ़ रहा है।

### विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा : धनाना

**भिवानी।** वरिष्ठ भाजपा नेता आजाद वाल्मीकि धनाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लागू की जा रही जनहित की योजनाओं की बदौलत दिन-प्रतिदिन जनता का विश्वास भाजपा पर बढ़ता जा रहा है। जिसके चलते भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है तथा यह सब भाजपा शासनकाल में लागू हुई योजनाओं व की मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है। वे रविवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर भाजपा के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### आधुनिक कृषि पद्धतियों से धरती संकट में

**चरखी दादरी** । हमारी धरती माता आज संकट में है। आधुनिक कृषि पद्धतियों और रसायनों के अत्यधिक उपयोग ने मिट्टी की उर्वरता को क्षीण कर दिया है। इसे पुनर्जीवित करने का एकमात्र उपाय प्राकृतिक कृषि है, जो पंचतत्वों के संतुलन पर आधारित है। यह बात आज स्वामी सच्चिदानंद ने सर्वहित साधना न्यास एवं आर्यवीरदल दादरी के सदस्यों के साथ प्राकृतिक कृषि प्रेरणा अभियान के तहत गांव दगड़ौली के किसानों से गांव व खेतों में जाकर चर्चा के दौरान कही।

### भोजावाली देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**भिवानी।** रामनवमी पर्व के अवसर पर भोजावाली मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरु हो गया। श्रद्धा के दीपक जलाने वाले देवी भक्त प्रातः से लेकर देर सायं तक देवी मां के दर्शन करते नजर आए। इस बार अन्य वर्षो की तुलना में मंदिरों में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ अत्यधिक देखने को मिली। दुर्गा नवमी पर मंदिरों में मेले व भंडारे का आयोजन किया गया। देवी भक्तों द्वारा प्रथम नवरात्रे से मंदिर में अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। अनुष्ठान पूर्ण होने पर भक्तों द्वारा मंदिर में पूजा-अर्चना कर दुर्गा मां का आशीर्वाद लेकर कंजकाओं को भोजन करवा रामनवमी पर्व मनाया। भक्तों का कहना है कि माता जिसे बुलाती है वहीं नतमस्तक होकर दरबार में चलकर आता है।

### रेलवे स्टेशन पर शराब के साथ गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 पर एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जीआरपी ने वेटिंग हॉल के पास बैंच पर बैठे एक युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम बिहार के जहांगीरपुर एरौत निवासी कृष्ण कुमार बताया। उसके पास दो बैग मौजूद थे। जीआरपी ने बैग चेक किए तो एक बैग में अलग-अलग ब्रांड की 12 बोतल शराब मिली। दूसरा बैग चेक करने पर उससे भी 12 बोतल शराब मिली। जीआरपी ने शराब को कब्जे में लेने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# इनेलो ने देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

**खास बातें**

- स्व. चौ. देवीलाल ने राजनीतिक लाभ के लिए नहीं देश के उत्थान के लिए की राजनीति : अशोक ढ़ाणीमाहु



भिवानी। पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. देवीलाल के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए।

किसानों के मसीहा पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. चौ. देवीलाल एक युग पुरुष थे। स्व. चौ. देवीलाल ने जीवनभर किसानों व कमेरे वर्ग के लिए आवाज उठाई तथा संघर्ष किया। वे एक व्यक्ति नहीं, बल्कि संस्था थे जिन्होंने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया तथा देश में पहली बार हरियाणा में बुढ़ापा पेंशन लागू की। यह बात इंडियन नेशनल लोकदल के जिला अध्यक्ष अशोक ढाणीमाहु ने रविवार को पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. चौ. देवीलाल की पुण्यतिथि पर लोहारू रोड स्थित चौ. देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान हवन का भी आयोजन किया गया, जिसमे सभी लोगों ने आहुति डालकर पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. देवीलाल को श्रद्धांजलि दी। इनेलो जिला अध्यक्ष अशोक ढाणीमाहु ने कहा कि चौ. देवीलाल ने राजनीतिक लाभ कमाने के लिए नहीं, बल्कि देश के पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए राजनीति की। उन्होंने कहा कि आज देशभर में हर वर्ग के लोग चौ. देवीलाल को राजनेता नहीं, बल्कि देश के उत्थान के लिए मसीहा के नाम से जानते हैं। उन्होंने कहा कि चौ. देवीलाल ने हमेशा आमजन के हित की सोच रखते हुए कार्य किया तथा हमेशा लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करते रहे, इसीलिए लोग उन्हे जननायक ताऊ के रूप में जानते हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गौरा, धर्मपाल ओबरा, सुनील लांबा, दिलबाग चेयरमैन, अनिल काठपालिया, राजेश पुनिया, अशोक मैनेजर, भूपेंद्र कोच, राजेंद्र डीएसओ, अनिल सांगवान, रण सिंह श्योराण, संजय नंबरदार, जगराम साहब, सतपाल धत्तरवाल, हरकेश नागर, विजेंद्र ढुहन, अजीत बडेसरा, सुनील स्वामी, राय सिंह, सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लाडन सती मंदिर तिगड़ाना में दो दिवसीय समारोह हर्षोल्लास से हुआ संपन्न

# दादी सती के अतिरिक्त सात भव्य मंदिरों में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

- प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने दादी सती की महिमा का किया गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। तिगड़ाना में आयोजित मेले में उमडी भीड़ का दृश्य।

श्री दादी लाडन सती मंदिर ट्रस्ट तिगड़ाना द्वारा गांव तिगड़ाना स्थित श्री दादी के मंदिर में दो दिवसीय दादी लाडन सती की प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। इस दौरान सती मंदिर के पुर्ननिर्माण कार्य विधि-विधान, पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, मंगल पाठ, शोभा यात्रा, हवन व दादी सती की भव्य प्रतिमा के अतिरिक्त सात मंदिर श्री गणेशी, हनुमान, दुर्गा माता, राम दरबार, शिव दरबार, राधा-कृष्ण की भव्यि प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह भी आयोजित हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में ना केवल आस-पास के गांव के, बल्कि दूर-दराज क्षेत्रों के अनेक श्रद्धालुगण भी पहुंचे। दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूबा रहा तथा देश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने दादी सती की महिमा का गुणगान किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत नगर परिक्रमा व शोभा यात्रा भी निकाली गई, जिसमें सैंकड़ों महिलाओं ने मंगलगीत गाते हुए तथा नाचते-गाते हुए कलश यात्रा में भाग लिया। वही पूजा-अर्चना आदि संपन्न होने के बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। इस अवसर पर ट्रस्ट की तरफ से अमृत जांगड़ा व उन की टीम के सदस्य व सोनू दहिया की टीम को मंदिर निर्माण में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर श्री दादी लाडन सती मंदिर ट्रस्ट तिगड़ाना के अध्यक्ष डा. आरबी गोयल ने कहा कि इस मंदिर का निर्माण लगभग 15 माह में बंसी पहाड़पुर से राजस्थान के कारीगरों ने सुंदर नक्काशी के साथ किया गया है। दादी लाडन सती की प्रतिमा विश्व विख्यात मूर्तिकार पुष्पेंद्र पांडेय (जयपुर वाले) द्वारा भव्य तरीके से तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि श्री दादी लाडन सती मंदिर के प्रति लोगों की गहरी आस्था है तथा मुंडन संस्कार सहित नवविवाहित जोड़ो की धोक लगाने वाले के अलावा भारी संख्या में लोग पहुंचते है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग की अंधी भाग दौड़ में लोग रीति रिवाजों को पीछे छोड़ते जा रहे हैं, जिसके कारण युवा पीढ़ी में संस्कारों का अभाव देखा जा सकता है।

**इन्होंने की शिरकत**

इस मौके पर भावनगर से पहुंचे भूपेंद्र अग्रवाल मुख्य यजमान रहे। इनके अतिरिक्त अरूण तिगड़ानिया दिल्ली, नौरंगराय गोयल, नवीन तिगड़ानिया, बाबूराम गोयल, सुभाष गोयल, विनोद अग्रवाल मुम्बई, सुरेश आर्य भुनेश्वर, आयुष गुप्ता अहमदनगर, विजय अग्रवाल राजकोट,अर्जुन भोडूका,जगाधरी, प्रमोद गोयल, सुरेश गोयल सिलवासा, कमलेश भोडूका लोहारु,, विरेंद्र भोडूका, अमित गोयल, पवन रानीसतिया, हरिकृष्ण गोयल, प्रवीण गोयल सोनीपत, , राकेश गोयल रामा मंडी, दीपक तुहीरामका जयपुर, पवन बासिया, अनिल गोयल कोलकता, डा.संदीप गोयल गुरुग्राम सुनील गुप्ता दिल्ली, मनोज गोयल दिल्ली, नरेश भोडूका, योगेश गोयल, रामअवतार कटलेवाला कलकता, सुशील गोयल कलकतानितिन गोयल, आशीष गोयल, प्रदीप शर्मा, प्रीतम अग्रवाल, विजय क्रिशन अग्रवाल व अनेक श्रद्धालु पहुंचे।



चरखी दादरी। अनाज मंडी में अधिकारियों से खरीद प्रक्रिया का जायजा लेते सांसद धर्मबीर सिंह।

# किसान हित ध्यान में रख फसल खरीद करें : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- अधिकारियों को दिए निर्देश फसल खरीद में किसानों को न हो परेशानी

रविवार को सांसद धर्मबीर और विधायक सुनील सांगवान ने अधिकारिक तौर पर दादरी अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने सरसों व गेहूं की आवक व खरीद प्रक्रिया की मौजूदा स्थिति का जायजा लेते हुए प्रशासन की ओर से की गई तैयारी परखी। इस दौरान किसान, आढ़ती व अन्य संबंधित हितधारकों से चर्चा कर सीधे फीडबैक लिया। अनाज मंडी में किसानों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का ध्येय किसान के हितों का ध्यान रखना है। सीएम के निर्देश पर राज्य के प्रत्येक जिला में एक-एक आला अधिकारी को सीधे फीडबैक लेने व किसानों की फसल खरीद से जुड़ी प्रत्येक समस्या का समाधान करने का जिम्मा सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश की पालना में उनका निरीक्षण दौरा सुनिश्चित किया गया है। मौके पर किसानों ने भी बीते दस वर्षों में आए बदलावों पर चर्चा की। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि किसी खामी के कारण किसान हित में बाधा न आए, यह हर हाल में सुनिश्चित करें। नियमानुसार फसल खरीद का भुगतान किसानों मिलना चाहिए।

# जनता के सहयोग से बिना भेदभाव होगा विकास

- कोहलावास, लांबा, झींझर, अचीना व भागेश्वरी में बोले विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक सुनील सांगवान।

भाजपा विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि अपने पांच महीने के दौरान दादरी के विकास को आगे बढ़ाया है और जो काम किया है उसका रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने है। दादरी की जनता के सहयोग से बिना भेदभाव के धरातल पर विकास करवाया जाएगा। जो वादे किये थे, उनको पूरा करने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। अधिकांश वादों को नायब सैनी सरकार द्वारा पूरा करते हुए दादरी की जनता को अनेक सौगात दी हैं। जिनका आने वाले समय में लोगों को सीधे रूप से फायदा मिलेगा।

विधायक सुनील सांगवान ने रविवार को गांव कोहलावास, लांबा, झींझर, अचीना व भागेश्वरी में धन्यवादी दौरा करते हुए ग्रामीण सभाओं को संबोधित किया। विधायक ने कहा कि नायब सैनी सरकार ने बिना भेदभाव के दादरी के विकास को तरजीह दी और अभूतपूर्व विकास के काम करवाए हैं जो अपने आप में एक उदाहरण है। दादरी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों का समान रूप से विकास किया जाएगा और व्यापक स्तर पर जनसुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया है कि वे अपने क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों में अपना पूर्ण योगदान दें। विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि अपने दिवंगत पिता पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान के दादरी विकसित हलका बनाने के सपने को साकार करना मेरा पहला कर्तव्य है।

# लोकसभा की कार्यवाही देखकर गदगद हुए कॉलेज के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू



लोहारू। दिल्ली संसद भवन के बाहर मौजूद चौ बंसीलाल कॉलेज के इतिहास विभाग का स्टाफ व विद्यार्थी।

लोहारू के चौ बंसीलाल कॉलेज के इतिहास विभाग के छात्र छात्राओं ने संसद के नए भवन का अवलोकन किया और बाद में लोकसभा सदन में चल रही कार्यवाही को देखा। बता दें कि स्थानीय चौ बंसीलाल कॉलेज के इतिहास विभाग के प्रो. डॉ सुखबीर, अनिरुद्ध पूनिया और डॉ. अंजू के नेतृत्व में इतिहास विभाग विद्र्यार्थियों का एक दल दिल्ली से लोकसभा की कार्यवाही देखकर लोहारू लौटा था और सभी सदस्य अपने अनुभव सांझा कर रहे थे। प्राचार्य डॉ मुकेश चहल ने गुरूवार को सुबह चौ बंसीलाल कॉलेज के इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ सुखबीर सिंह, प्रो. अनिरुद्ध पूनिया, डॉ. अंजू के नेतृत्व में छात्र छात्राओं के दल को रवाना किया था।

# टिटौली की टीम ने पांच विकेट से तिगड़ाना को हराकर जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। मैच शुरू होने से पहले मैदान में उपस्थित टीम।

रणजी खिलाड़ी स्व. अमित वशिष्ठ की याद में अमित वशिष्ठ फाउंडेशन द्वारा जिला के गांव रेवाड़ीखेड़ा स्थित ठाकुर आजाद सिंह स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में 11 दिवसीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करवाया जा रहा है। इस टूर्नामेंट के दूसरे दिन रविवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने टॉस करके करवाया। इस दौरान पहला मैच टिटोली व तिगड़ाना की टीम के बीच खेला गया। तिगड़ाना की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवरों में 151 रन का लक्ष्य दिया।

तिगड़ाना की तरफ से सर्वाधिक स्कोर संगीत शर्मा ने 46 गेंद पर 63 व सचिन ने 31 बॉल पर 35 रन बनाए। टिटोली की टीम ने 143 ओवरों में मैच जीत लिया। टिटौली की तरफ से पुनीत ने 31 गेंदों पर 83 रन की धुआधार पारी खेलकर अपनी टीम को पांच विकेट से जीत दिलाई।

# नशे के दुष्प्रभाव से जागरूक करना जरूरी

- साइक्लोथॉन यात्रा का जीतपुरा पहुंचने पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। साइक्लोथॉन यात्रा का स्वागत करते हुए।

ड्रग्स फ्री हरियाणा के संदेश को लेकर हिसार से रवाना हुई साइक्लोथॉन यात्रा जिला के बाढड़ा विधानसभा हल्के के जितपुरा गांव में पहुंचने पर विधायक उमेद पातुवास के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उपायुक्त मुनीश शर्मा, एसपी अर्श वर्मा, जिला परिषद चेयरमैन मनदीप डालावास, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील इंजीनियर, सीटीएम जितेन्द्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर नागरिकों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। विधायक ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की गर्त से बाहर निकालना है। इस दौरान अपना संदेश देते हुए विधायक ने कहा कि हमें युवा वर्ग को ड्रग्स के साथ साथ अन्य सभी प्रकार के नशे से बचाना है। युवा पीढ़ी ही हमारे देश का भविष्य है। देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं का सही रास्ते पर होना जरूरी है। इसी के चलते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाने के संकल्प के साथ साइक्लोथॉन यात्रा को रवाना किया है, जो पूरे प्रदेश में नशे के खिलाफ अपना संदेश देगी।

उपायुक्त ने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को संदेश देना है कि हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाना है। युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ किसी न किसी खेल में भाग जरूर लेना चाहिए, इससे आगे बढ़ने की भावना प्रबल होती है। उन्होंने कहा युवावस्था ही सही दिशा में जाने का समय होता है।

**कार्यक्रम** वैश्य महाविद्यालय की एनएसएस इकाई-एक ने किया संवाद कार्यक्रम

# ‘एक राष्ट्र एक चुनाव’ देश हित में: विजयपाल

- बार-बार चुनाव से दकाफी पैसा एवं समय बर्बाद होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। जागरूकता रैली को रवाना करते हुए।

वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-एक के द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल के नेतृत्व एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की प्रभारी डॉ.कामना कौशिक के मार्गदर्शन में महाविधालय के सेमिनार हॉल में किया गया।संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एडवोकेट विजयपाल सिंह ने शिरकत की।संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरतन गुप्ता,महासचिव डॉ पवन बुवानीवाला, संवाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एडवोकेट विजयपाल सिंह,राकेश शर्मा, डॉ विनोद अंचल,नवीन गुप्ता,राजेश कुमार ,प्राचार्य डॉ संजय गोयल एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कामना कौशिक द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ..संजय गोयल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि युवा वर्ग को राष्ट्रीय स्तर पर समय समय पर चल रहे समसामयिक मुद्दों की जानकारी होनी आवश्यक है जिसके लिए एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर यह संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संवाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एडवोकेट विजयपाल सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का मतलब है देश में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराना। इसके फलस्वरूप लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होंगे और मतदान भी एक साथ होंगे। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरतन गुप्ता ने कहा कि किसी भी ज्वलंतशील मुद्दे पर विद्यार्थी वर्ग को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा एक राष्ट्र एक चुनाव का मुद्दा पूरे देश को प्रभावित करेगा।इसलिए इस मुद्दे पर आत्म मंथन करते हुए दोनों पहलुओं पर विचार करना अत्यंत आवश्यक है।

वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के महासचिव डॉ पवन बुवानीवाला ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव आम आदमी एवं राष्ट्र के लिए सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव करने से देश का काफी पैसा एवं समय बर्बाद होता है।



भिवानी। आयोजित बैठक में विचार रखता एक वक्ता।

### मौलिक अधिकारों का राज सता द्वारा निरंतर किया जा रहा है हनन

**भिवानी।** संविधान एवं लोकतन्त्र बचाओ सेमीनार का आयोजन सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय महम रोड में किया गया, जिसकी अध्यक्षता अनिल बागड़ी प्रधान पी डब्ल्यू डी मैकेनिक वर्कर यूनियन रजिस्टर नंबर 41 की तथा संचालन रिटायर्ड बिजली निगम के पूर्व एक्शन सज्जन कुमार सिंगला ने किया। सेमीनार में मुख्य वक्ता जनवादी लेखक संघ हरियाणा के सह सचिव मंगतराम शास्त्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत के संविधान का निर्माण लगभग तीन साल की कड़ी मेहनत व गहन विचार विमर्श के बाद संविधान सभा द्वारा किया गया, जिसमें भीम राव अम्बेडकर की सबसे अहम भूमिका थी। संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में बाबा साहब ने 60 देशों के संविधानों के अध्ययन के बाद विदेशी एवं भारतीय ज्ञान, परम्परा व जीवन दर्शन को शामिल करते हुए संविधान का मसौदा तैयार किया जिसे 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा में स्वीकार किया था। उन्होंने कहा कि आज के दौर में संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकारों का राज सता द्वारा निरंतर हनन किया जा रहा है। धर्मनिरपेक्षता, समानता, स्वतन्त्रता एवं संप्रभुता को धता बताते हुए राज सत्ता तानाशाही की ओर बढ़ रही हैं।

## खबर संक्षेप

### यात्रा का लोहानी और जुई पहुंचने पर स्वागत

**भिवानी।** उदय हरियाणा कार्यक्रम के तहत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथान यात्रा का गांव लोहानी और जुई पहुंचने पर स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को सम्मानित भी किया। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप चेयरमैन गोलागढ़ ने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी ने शनिवार को ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथान-2.0 को हरी झंडी दिखाकर हिसार से रवाना किया है। यह यात्रा लोगों को नशाखोरी जैसी कुरीति को जड़मूल से खत्म करने के लिए प्रेरित करते हुए 26 अप्रैल को सिरसा में सम्पन्न होगी।

### शिविर में 21 युवाओं ने किया रक्तदान

**भिवानी।** स्व. महेंद्र खरबंदा की दूसरी पुण्यतिथि पर कैंसर मरीजो की सहायता के लिए रविवार को स्थानीय सेवा नगर कॉलोनी स्थित भोले बाबा मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए आयोजक गोसेवक शंकर खरबंदा ने बताया कि शिविर में एम्स बाढ़सा चिकित्सकों की टीम ने 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि भिवानी नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप एवं गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की।

### श्रीमद् देवी भागवत कथा रामनवमी पर संपन्न

**भिवानी।** विद्या नगर स्थित एमबीएस स्कूल में प्रथम नवरात्रे से शुरू हुई श्रीमद् देवी भागवत कथा का रविवार को रामनवमी पर समापन हुई। यह जानकारी संदीप वत्स, कथा व्यवस्था अर्पिता शर्मा व संयोजक अशोक शर्मा ने देते हुए बताया कि हवन आचार्य रजत (मोनू) दीक्षित हालुवासिया द्वारा करवाया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति डाली तथा देश में सुख, शांति एवं समृद्धि की की कामना की। कथा का समापन हवन एवं प्रसाद वितरण से हुआ। इस दौरान अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

### कंजक पूजन के साथ रामनवमी पर्व मनाया

**भिवानी।** कोंट रोड, मिनी बायपास, काली देवी मंदिर रोड स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्रों व रामनवमी के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का भव्य आयोजन किया गया। नौ दिनों तक प्रतिदिन माँ दुर्गा की अलग-अलग स्वरूपों में पूजा, संध्या आरती, जगरण, और पाठ का आयोजन होता रहा। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधक उर्मिला सैनी व पुजारी शुभम ने बताया कि मंदिर परिसर में प्रतिदिन सुबह-शाम विशेष हवन यज्ञ किया गया, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भक्तों ने आहुतियाँ अर्पित कीं। नवरात्रों के अंतिम दिन, रामनवमी के शुभ अवसर पर हवन यज्ञ की पूर्ण आहुति दी गई।

### हनुमान जोहड़ी मंदिर में 51 कन्याओं का पूजन

**भिवानी।** सेवा भारती द्वारा स्थानीय हनुमान जोहड़ी धाम में संचलित उन्नत महिला सिलाई केंद्र पर रविवार को रामनवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास के सान्निध्य में किया गया। इस दौरान 51 कन्याओं का पूजन किया गया तथा उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश भी दिया। सिलाई सैंटर की अध्यापिका रचना शुक्ला ने बताया कि समाज के सहयोग से सेवा भारती द्वारा 6 महिला सिलाई केंद्र व 6 बाल संस्कार केंद्रों का संचालन किया जा रहा है।

### त्याग और न्याय के आदर्श थे भगवान श्रीराम : चौहान

**भिवानी।** श्री राम जन्मोत्सव भारत माता सेवा मंडल द्वारा सेंट्रल पार्क में रैली निकाल कर रामनवमी पर्व मनाया गया। पंडित पूर्णमल शर्मा, अंगना राम शर्मा ने मंत्र उच्चारण किया। भारत माता सेवा मंडल के अध्यक्ष ठाकुर पदम सिंह चौहान ने रामनवमी के महत्व को बताते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम विष्णु भगवान के सातवें अवतार थे। प्रभु श्री राम समर्पण, संयम, त्याग और न्याय ,धर्म पालन के आदर्श थे।

## नशे के खिलाफ हम सभी को मिलकर लड़ाई लड़नी है: घनश्याम सर्राफ

# ड्रग्स के खिलाफ साइक्लोथॉन को महज साइकिल यात्रा ना समझें : धर्मबीर सिंह

सांसद धर्मबीर सिंह और विधायक घनश्याम सर्राफ ने रविवार को शहर में राधास्वामी सत्संग भवन दिनोद के सामने से ड्रग्स फ्री हरियाणा साइकिल यात्रा को किया रवाना



भिवानी। साइक्लोथॉन के दौरान एकत्रित लोगों को संबोधित करते सांसद धर्मबीर सिंह व साइक्लोथॉन को रवाना करते विधायक घनश्याम सर्राफ। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सांसद धर्मबीर सिंह रविवार को राधा स्वामी सत्संग भवन दिनोद आश्रम से ड्रग्स फ्री हरियाणा साइकिल यात्रा को दादरी के लिए रवाना करने से पहले अपना संदेश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि एक वह समय था जब पंजाब प्रदेश देश का सबसे विकसित प्रदेश था, लेकिन कुछ बाहरी ताकतों ने हमारे देश को पीछे धकेलने के लिए युवाओं को नशे की लत में लगाया, परिणाम स्वरूप आज पंजाब प्रदेश ड्रग्स से जूझ रहा है। हजारों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। यही ड्रग्स का नशा धीरे-धीरे हमारे हरियाणा प्रदेश में भी आ रहा है, जो बहुत बड़ी चिंता का विषय है। हमें इस नशे को यहीं पर रोकना होगा। यह तभी संभव है जब हर नागरिक जागरुक हो और अपने आस-पास नजर रखें कि कहीं कोई भी किसी प्रकार से ड्रग्स आदि नशे की बिक्री ना कर रहा हो।

### युवा अपने भविष्य पर ध्यान दें: एसपी

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि युवा अपने भविष्य पर ध्यान दें। नशे की लत से अपना जीवन बर्बाद ना करें। पढ़ाई के साथ-साथ कोई ना कोई खेल अवश्य अपनाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा भी ड्रग्स या अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए सख्ती बढ़ाने के साथ-साथ अनेक प्रकार की जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है।

### परिजनों को भी इससे दूरी बनाने का करें आहवान

युवाओं को अपना संदेश देते हुए अर्जुन अवॉर्डी ओलंपियन एवं यात्रा के लिए पुलिस विभाग से नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी डीएसपी जय भगवान ने कहा कि खिलाड़ियों को स्वयं तो नशे से दूर रहना ही है, उसके साथ-साथ अपने छोटे भाई बहन और परिवार के अन्य सदस्यों पर भी एक नजर रखनी है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे कड़ी मेहनत करें। नियमित रूप से व्यायाम और कसरत करें, लेकिन शरीर को खराब करने वाले सप्लीमेंट का प्रयोग बिल्कुल ना करें।

### युवाओं का भविष्य बर्बाद करता है नशा : सर्राफ

भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश में नशे के खिलाफ चलाए गए इस अभियान में हम सबको साथ देना है और हरियाणा को नशा मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं का भविष्य बर्बाद करता है। युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी। उन्होंने खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस दौरान डीसी महावीर कौशिक ने कहा कि इस साइकिल यात्रा के दौरान जिले से हजारों युवाओं ने शामिल होकर अपना समर्थन दिया है और नशे से दूर रहने का संकल्प लिया है। युवाओं को एक संदेश इस यात्रा के माध्यम से दिया गया है कि वे किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा सामाजिक दायित्व बनता है कि हम युवाओं को सही दिशा दें।

### कई चौराहों से निकाली गई साइकिल यात्रा

साइकिल यात्रा राधा स्वामी सत्संग भवन से चलकर रोहतक गेट, महम गेट, हांसी गेट, घंटाघर चौक, वैश्य कॉलेज, तोशाम बाईपास होते हुए देवसर, लोहानी और जुई होते हुए दादरी के लिए निकली। शहर में वैश्य कॉलेज के अलावा देवसर मोड़, लोहानी और जुई में साइकिल यात्रा में शामिल पुलिस के जवानों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया और उनका हौसला बढ़ाया। हजारों की संख्या में युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने ड्रग्स के खिलाफ चलाए गए इस अभियान में अपना समर्थन दिया।


भिवानी। दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# आराधना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार : गिरी

- अष्टमी के अवसर पर महागौरी चौकी का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

न्यू विद्या नगर कॉलोनी स्थित मां दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्रि की अष्टमी के शुभ अवसर पर श्री बद्री केदारनाथ सांस्कृतिक कल्याण मण्डल द्वारा भव्य मां महागौरी चौकी का आयोजन किया गया।

यह आयोजन परम पूज्य महंत प्रदीप गिरि , बाबा जगन्नाथ जाटू लोहारी धाम के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मां के भक्तों के साथ मां महागौरी की पूजा-अर्चना में भाग लिया। आयोजन की शुरुआत मंदिर परिसर में मां की मंगल आरती से हुई, जिसके बाद भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। भक्तों ने भक्ति भाव से माता का गुणगान किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। संस्था के सदस्यों द्वारा परम पूज्य महंत प्रदीप गिरि महाराज और जगन्नाथ उनियाल का स्वागत पुष्पमालाओं व सम्मान पट्टिकाओं के साथ किया गया। मंदिर परिसर भक्ति रस में सराबोर दिखा और भक्तों की भारी उपस्थिति से आयोजन में विशेष ऊर्जा का संचार हुआ।

### भक्तों से आह्वान किया

उन्होंने भक्तों से आह्वान किया कि वे इस पावन अवसर पर आत्म विश्लेषण करें और सच्चे मन से मां दुर्गा की आराधना करें। उन्होंने श्री बद्री केदारनाथ सांस्कृतिक कल्याण मण्डल के सभी सदस्यों को आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने का आग्रह किया। मां की चौकी के दौरान भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुति दी। भक्तों ने मां दुर्गा के भजनों पर भाव विभोर होकर भक्ति रस में डूबकर नृत्य किया। संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर को विशेष रूप से फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था, जिससे पूरे क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का माहौल बना रहा। श्री बद्री केदार नाथ सांस्कृतिक कल्याण मण्डल के अध्यक्ष, सचिव और अन्य सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भाजपा के महापुरुषों को किया नमन

- पार्टी कार्यकर्ताओं को भाजपा के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

अपने खून पसीने से सींचकर भाजपा को वटवृक्ष बनाने वाले सभी महापुरुषों को नमन। सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। राष्ट्रवादी विचारधारा,अंत्योदय के सिद्धांत व मोदी जी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भाजपा निरंतर प्रयासरत है।

उक्त शब्द भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रमुख भाजपा नेता रीतिक वधवा ने भाजपा के स्थापना दिवस पर जनसंघ एवं भाजपा के संस्थापक के सदस्यों तथा महान विभूतियों को पुष्पांजलि अर्पित कर आशीर्वाद लेने के दौरान कहे। उन्होंने कहा कि भाजपा के स्थपना दिवस पर भाजपा कार्यकर्ता उन महान विभूतियों को नमन करते है। जिनकी निःस्वार्थ सेवा और समर्पण से पार्टी आज इस शिखर पर पहंची है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, भारतीय जनसंघ की उत्तराधिकारी है । डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मौलीचंद्र शर्मा, प्रेमनाथ डोगरा, आचार्य डीपी घोष, पीतांबर दास, ए रामाराव, वच्छ राज व्यास, बलराज मधोक, दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, डॉ मुरली मनोहर जोशी, कुशाभाऊ ठाकरे, आदि ने मेहनत कर इसे यहां तक पहुंचाने का काम किया।


भिवानी। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को नमन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# विकास-विश्वास का पर्याय बनी भाजपा : राघव

- भाजपा के स्थापना दिवस पर रेखा राघव ने घर-घर जाकर लगाए भाजपा के झंडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश ने भाजपा शासनकाल के दौरान अभूतपूर्व तरक्की की है। जिसके चलते आज भारत की पहचान विश्व भर में मजबूत हुई है। इसके साथ ही भाजपा की नीतियों ने आमजन का जीवन स्तर ऊंचा उठाने का कार्य किया है।

इसी कड़ी में भाजपा के स्थापना दिवस पर भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रविवार को बैंक कॉलोनी में पूर्व पार्षद, नमो-नमो मोर्चा भारत की प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा जिला शक्ति केंद्र प्रमुख रेखा राघव ने घर-घर जाकर भाजपा के झंडे लगाए तथा उन्हे केंद्र की मोदी व प्रदेश की सैनी सरकार की नीतियों से अवगत करवाया। रेघा राघव ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित, संगठित व राष्ट्रहित चिंतन की सोच रखने वाला राजनैतिक संगठन है। यह संगठन अपनी सकारात्मक सोच के कारण ही आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है।


भिवानी। घर घर जाकर झंडा लगवाती रेखा राघव। फोटो: हरिभूमि

### आत्मनिर्भरता की राह

उन्होंने कहा कि आज भाजपा विकास और विश्वास का पर्याय है, नए विचार का पर्याय है और देश की विजय यात्रा में एक मुख्य सेवक बन कर अपनी भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। जिसके सहारे आज देश की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता को अपनाकर अपने परिवार की आर्थिक उन्नति में विशेष भूमिका निभाई।

# रामनवमी पर 1009 कन्याओं का किया पूजन

- डॉ. अशोकगिरि ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हालवास गेट स्थित बाबा जहरगिरि आश्रम व शिव शक्ति जन कल्याण सेवा ट्रस्ट द्वारा नवरात्रों के अंतिम दिन रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में नवदुर्गा एवं भगवान श्रीराम की स्तुति की गई तथा पारंपरिक रूप से कंजक पूजन किया गया। मंदिर परिसर में 1009 कन्याओं का विधिवत पूजन एवं सम्मान किया गया। प्रत्येक कन्या को उपहार व प्रसाद भेंट कर उन्हें देवी स्वरूप मानकर पूजा गया। इस अवसर पर श्रीमहंत डॉक्टर अशोकगिरि महाराज ने कहा कि कन्याओं का पूजन मात्र परंपरा नहीं, अपितु समाज को यह संदेश देने का माध्यम है कि हमें हर दिन बेटियों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान को आगे बढ़ाते हुए नारी सशक्तिकरण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान केवल एक दिन का आयोजन नहीं, यह हमारे जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, आवश्यकता है उन्हें अवसर व संरक्षण देने की।


भिवानी। कन्याओं को भोजन करवाने के बाद लेखन सामग्री वितरित करते महंत।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में बाबा कैलाश गिरी, बाबा घनश्याम यति, दशरथ गिरी, शिवगिरी, संजय शर्मा, सुनील बोदिया, कृष्ण हलवाई, आचार्य बसंत शास्त्री, अमित सोनी, शुभम, मोहन दत्त व समाजसेवी अशोक भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से समाज में बेटियों की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए योगदान देने का संकल्प लिया।आयोजन के अंत में कन्याओं के चरण धोकर उन्हें भोजन कराया गया तथा माता रानी से सभी के कल्याण की कामना की गई।

### हर्षोल्लास से मनाया रामनवमी का पर्व

**भिवानी।** श्री खाकी बाबा रामचरितमानस मंदिर में रविवार को रामनवमी के पर्व पर भक्तिभाव और श्रद्धा से ओत-प्रोत माहौल देखने को मिला। यहां भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया और विशेष पूजा-अर्चना के साथ ठाकुर जी को 56 भोग का भोग अर्पित किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

पूजा के उपरांत भगवान को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। भोग अर्पण के पश्चात प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी धूमधाम से मनाई गई। 56 भोग का आयोजन हमारे परंपरागत श्रद्धा और सेवा का प्रतीक है।

# काजल बनीं एलएलबी में श्रीधर यूनिवर्सिटी टॉपर

- मेहनत के दम पर आज बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में भर रही है सफलता की उड़ान : गारनपुरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बेटियां आज विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर यह साबित कर रही है कि बेटियां आज किसी भी क्षेत्रों में बेटों से कम नहीं है, बस उन्हे जरा से प्रोत्साहन की जरूरत है। इसी कड़ी में गांव छपार रागडान निवासी नंबरदार एसोसिएशन के प्रधान पवन नंबरदार की बेटी काजल ने श्रीधर यूनिवर्सिटी से एलएलबी में प्रथम स्थान हासिल किया है।

काजल की उपलब्धि पर यूनिवर्सिटी ने उन्हे प्रकाशित पत्र और गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया गया। बेटी काजल की उपलब्धि पर पर्यटन विकास मंच के चेयरमैन एवं इंटरनेशनल हुमन राइट्स के हरियाणा राज्य बोर्ड के अध्यक्ष राजेश गारनपुरा ने छात्रा कोमल के घर जाकर उन्हे सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर राजेश गारनपुरा ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्रों में बेटों से कम नहीं है तथा अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के दम पर सफलता की उड़ान भर रही है। उन्होंने कहा कि बेटियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

## भिवानी में धूमधाम से मनाया गया भाजपा का 46वां स्थापना दिवस

# कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लगाए भाजपा के झंडे

- भाजपा की सोच और समर्पण ने भारत को नई दिशा देने का किया काम : विरेंद्र कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस रविवार को जिला भर में उत्साह एवं जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर पार्टी का झंडा फहराया तथा पार्टी की उपलब्धियों को याद किया।

भाजपा के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में आयोजित हुए स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी का झंडा फहराकर की गई तथा पार्टी की उपलब्धियां गिनवाई गई। इस दौरान जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा की उपलब्धियां एवं जनहित में लागू की गई नीतियों को प्रदर्शित करती एक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका ना केवल भाजपा पदाधिकारियों, बल्कि आमजन ने भी निरीक्षण किया तथा जनहित की योजनाओं की जानकारी हासिल की। जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। यह दिन केवल एक राजनीतिक पार्टी के जन्म का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह दिन उन विचारों और मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है, जो पार्टी ने अपने आरंभ से ही देश को समर्पित किए है। उन्होंने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य इस दिन को एक प्रेरणा के पर्व के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसने देश को स्थिर सरकार, मजबूत विदेश नीति, और कई जनकल्याणकारी योजनाएं दी हैं। इस अवसर पर नंदराम धानिया, हर्षवर्धन मान, विजेंद्र बडग़ुज्जर, संदीप श्योराण, मीना परमार, मनोज ढ़ाणा, सतेंद्र तंवर, धर्मेंद्र जिंदल, रविंद्र बापोड़ा, डा. सुनील तलेजा, राजेश धनखड़, कविता राजपूत, सज्जन कौर, नवीन परमार सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


भिवानी। स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी।

### भाजपा की नीतियों से अवगत करवाया

भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने बताया कि भाजपा का स्थापना दिवस देश भर में प्रत्येक जिला मुख्यालय पर बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। भिवानी जिला में प्रत्येक बूथ पर स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसके तहत कार्यकर्ता ने घर-घर जाकर भाजपा के झंडे लगाए तथा उन्हे भाजपा की नीतियों से अवगत करवाया।

### 15 को होगी जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक

**चरखी दादरी।** जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की बैठक के आयोजन में प्रशासनिक कारणों से बदलाव किया गया है। अब यह बैठक 15 अप्रैल को दोपहर 12 बजे होगी। हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में कुल 15 परिवाद रखे जाएंगे।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET S.S.C.
अग्निवीर C.E.T.
रेलवे N.D.A.
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973